हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 33 .7 डिग्री
न्यूनतम 22 .6 डिग्री

12 शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर किया रक्तदान



12 स्वास्थ्य शिविर में 405 लोगों ने अपनी जांच करवाई



## खबर संक्षेप

### कार ने मारी टक्कर सास और बहु घायल

जींद। जेल के निकट रोहतक रोड बाईपास पर तेजरफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार सास व बहु घायल हो गई। सुभाष नगर निवासी पुष्पा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी सास को स्कूटी पर लेकर गोहाना रोड की तरफ जा रही थी। जेल के निकट रेलवे ओवरब्रिज से उतरते ही तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। कार चालक मौके से फरार हो गया।

### फर्नीचर दुकान के एसी आउटर चोरी, केस दर्ज

जींद। सफीदों रोड फर्नीचर की दुकान से बीती रात चोरों ने तीन एसी आउटर तथा गद्दे चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हैबतपुर निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी सफीदों रोड पर फर्नीचर की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान से तीन एसी आउटर व गद्दे चोरी कर लिए।

### सर्विस सेंटर का टूटा ताला, सामान चोरी

जींद। गांव अहिरका के निकट बीती रात चोरों ने सर्विस सेंटर का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अहिरका निवासी रोशनलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव के निकट सर्विस स्टेशन लगाया हुआ है।

### करनाल की कालीदास रंगशाला में सिख सम्मेलन आयोजित

# सिख गुरुओं के आदर्श हमें समाज और देश हित में बलिदान का संदेश देते हैं : मनोहर लाल

*सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बोले, समाज को एकजुट रहकर उन ताकतों से सावधान रहना चाहिए जो देश को तोड़ने का काम करती हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल की कालीदास रंगशाला में रविवार को सिख सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमें देश व समाज के हित में बलिदान देने वाले सिख गुरुओं के आदर्शों को अपनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट रहकर उन ताकतों से सावधान रहना चाहिए जो देश को तोड़ने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना कर धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया। मुगलों और अंग्रेजों से लड़ते हुए लाखों सिखों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

■ मुगलों और अंग्रेजों से लड़ते हुए लाखों सिखों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

### 1984 दंगा पीड़ितों को मिलेगा सरकारी रोजगार

मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने सिख समाज से जुड़ी कई ऐतिहासिक मांगें पूरी की हैं। 1984 दंगा पीड़ित परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया गया है। विधानसभा में इसकी घोषणा की जा चुकी है और योग्यता के अनुसार पीड़ित परिवारों को रोजगार प्रदान किया जाएगा।



करनाल। सिख सम्मेलन में मौजूद केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल व अन्य।

### विस अध्यक्ष ने दी बधाई

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सिख समाज बहादुरी और बलिदान का प्रतीक है। गुरुओं ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उन्होंने संत-महापुरुषों की जयंती मनाने की परंपरा शुरू कर समाज को प्रेरित किया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि संत-महापुरुषों की विचारधारा जन-जन तक पहुंचे, इसी सोच के तहत केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने संत-महापुरुष विचार प्रचार-प्रसार योजना की शुरुआत की थी।

आज इसी के अंतर्गत सिख गुरुओं और महापुरुषों की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने 1984 पीड़ितों को नौकरी देने की घोषणा पर सरकार का धन्यवाद किया।

### 15 सूत्री मांगपत्र सौंपा

भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह ने केंद्रीय मंत्री को 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा। भाजपा ने 1984 के दंगों के आरोपियों को सजा दिलाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य किया है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में बलजीत सिंह दादूवाल, विधायक रामकुमार कश्यप, भगवानदास कबीरपंथी, विधायक योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, भाजपा नेता बृज गुप्ता, डॉ. प्रभलीन सिंह, कविंद्र राणा, गुलाब सिंह मूनक, भूपेंद्र सिंह असंध, बाबा शीशा सिंह डाचर, जतिंद्र सिंह गोविंदगढ़, शिंद्र सिंह, कर्मपाल सिंह, गुरलाल सिंह, प्रभजोत सिंह सिधू, बाबा जोगा सिंह, पार्षद हरजीत सिंह लाडी, मनिंद्र सिंह संटी, अशोक खुराना, नीटू मान आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### जरूरतमंद की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं

करनाल। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने सेक्टर-8 स्थित अग्रवाल भवन में जेसीआई करनाल गोल्ड द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 10 जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने प्रत्येक जोड़े को 1100 रुपये शगुन स्वरूप प्रदान किए और कहा कि जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर समेत जेसीआई पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 126वां संस्करण सुना। उन्होंने वोकल फॉर लोकल पर जोर देते हुए कहा कि गांधी जयंती पर सभी लोग खादी उत्पाद खरीदें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पाद खरीदने से न केवल पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा मिलता है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश कश्यप, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पानीपत को हरा-भरा शहर बनाएं : केंद्रीय मंत्री मनोहर



पानीपत। ग्रीन मिशन के तहत आर्य कॉलेज में पौधा रोपते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल आदि। फोटो : हरिभूमि

पानीपत। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित पानीपत ग्रीन मिशन के पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और स्वयं पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, मनोहर लाल ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोप कर पानीपत को हरा भरा शहर बनाए जाने की मुहिम जारी है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को विशेषकर युवाओं को ग्रीन मिशन से जोडे। इधर, संयोजक संदीप जिंदल एडवोकेट ने बताया कि मंत्री मनोहर लाल ने पौधा रोप कर ग्रीन मिशन की टीम का हौंसला बढाया है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली आदि ने भी रोड धर्मशाला परिसर में पौधे रोप कर मिशन ग्रीन को बढावा दिया है। दूसरी ओर, आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण जितना घना होगा मानवता उतनी सुखी होगी। वहीं मिशन ग्रीन के तहत पानीपत में एक लाख से अधिक पौधे रोपे जाने के नेक कार्य में आर्य कॉलेज प्रशासन हर संभव सहयोग दे रहा है।

■ मिशन ग्रीन के तहत पानीपत में एक लाख पौधे रोपने का नेक कार्य जारी

# नई जीएसटी दरों से निर्धन व मध्यम वर्ग को लाभ होगा : कृष्ण लाल पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

हरियाणा के विकास, पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को मडलौडा अनाज मंडी में प्रधान दीपक गर्ग के प्रतिष्ठान पर आयोजित प्रेस वार्ता की और नई जीएसटी दरों को लेकर व्यापारियों से चर्चा भी की। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी बात की और नई जीएसटी दरों से कीमतों में आई कमी पर उन्हें बधाई दी। वहीं, मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी की दरों को घटाकर एतिहासिक फैंसला लिया गया है। इसका सबसे ज्यादा फायदा देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग को होगा। दूसरी ओर, मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को मडलौडा अनाज मंडी में बड़ी एलईडी पर व्यापारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में लगातार ताकतवर देश बनता जा रहा है। वहीं उन्होंने जनता से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की।

■ अनाज मंडी में अटल कैंटीन का शुभारंभ




पानीपत। इसराना की अनाज मंडी में अटल कैंटीन का शुभारंभ करते हुए पंचायत विकास मंत्री कृष्ण पंवार, आदि।

### युवक को जर्मनी की जगह रूस भेजा

कैथल। सीवन के गांव जुनेदपुर के युवक को जर्मनी भेजने के नाम पर 8 लाख 10 हजार की धोखाधड़ी कर ली। एजेंट ने युवक को जर्मनी भेजने का झांसा दिया, लेकिन उसे जर्मनी की बजाय रूस में भेज दिया। जुनेदपुर निवासी नीतू ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कर्मचंद विदेश जाना चाहता था। उन्होंने एजेंट बिट्टू से बातचीत की। आरोपी ने उसके भाई को जर्मनी भेजने की बात कही और उसका पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज ले लिए। रुपए लेने के बाद आरोपी ने उसे जुलाई 2025 में भारत से रूस भेज दिया। काफी समय बीतने के बाद भी उसके भाई को जर्मनी नहीं भेजा तो उन्होंने एजेंट से बातचीत की। पहले तो एजेंट उनको आश्वासन देता रहा, लेकिन बाद में भाई को जर्मनी भेजने की बात से मना कर गया।

### चाकू से युवक की हत्या

# हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कुरुक्षेत्र कैथल स्टेट हाइवे पर दो घंटे तक लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

शनिवार रात्रि खेड़ी मारकंडा रोड पर तीन बदमाशों ने एक युवक की चाकू से ताबड़तोड़ हमला करके निर्मम हत्या कर दी। युवक अपने भाई के साथ काम से छुट्टी करके बाइक पर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक पर आए 3 बदमाशों ने लात मारकर उनकी बाइक को गिरा दिया और उन पर हमला कर दिया।

■ पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के आश्वासन पर ग्रामीणों ने खोला जाम

मृतक की पहचान प्रिंस (21) निवासी शादीपुर शहीदां के रूप में हुई। प्रिंस महाराणा प्रताप चौक के पास गारमेंट्स की दुकान पर काम करता था। प्रिंस का छोटा भाई पारस अंबेडकर चौक के पास एक शॉपिंग सेंटर में लगा हुआ है। वही रविवार सुबह मृतक के परिजन व ग्रामीण एलएनजेपी अस्पताल में एकत्रित हुए और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कुरुक्षेत्र-कैथल स्टेट हाइवे पर एलएनजेपी अस्पताल के सामने जाम लगा दिया। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला। जाम लगा रहे लोगों का कहना है कि उन्होंने आरोपियों की जानकारी पुलिस को दी है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे पहले डीएसपी रणधीर सिंह ने उनको समझाने की कोशिश की, लेकिन परिजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। करीब 2 घंटे के जाम के बाद पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के 2 दिन में कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन जाम खोलने को राजी हो गए। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई पारस की शिकायत पर मनीष और अंकित समेत 3 के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल के समक्ष सड़क पर जाम लगाकर बैठे ग्रामीण।

## विश्व हृदय दिवस : साइकिल रैली के जरिए चालकों ने दिल को किया तंदुरुस्त

नारायणगढ़। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर प्राइवेट अस्पताल व दशमेश क्रिकेट क्लब खानपुर लबाना के संयुक्त तत्वाधान में द्वितीय साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी सूरज चावला मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने स्वयं भी साइकिल चलाकर पूरी यात्रा में भाग लिया। चावला ने लोगों से अपील की कि दिन के 24 घंटे में से इंसान को अपने शरीर और अपने लिए 30 मिनट का समय जरूर देना चाहिए ताकि शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि चिंता दिल व दिमाग दोनों के लिए हानिकारक है इसलिए हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए चिंता को जीवन से दूर करना चाहिए।

■ डीएसपी सूरज चावला बोले, दिल को तंदुस्त रखने के लिए आधा घंटा रोज करें व्यायाम

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों में जागरूकता लाने का कार्य करते हैं। उन्हें प्रसन्नता है कि इन संस्थाओं ने उन्हें इस कार्य में शामिल होने का अवसर प्रदान किया। साइकिल रैली पंचायत भवन खानपुर लबाना तक गई। गांव बरसुमाजरा पहुंचने पर कारगिल शहीद पवन कुमार सैनी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद सैनिक को नमन किया गया।

बरसुमाजरा में ग्रामीणों ने साइकिल यात्रा का जोरदार स्वागत किया व जलपान करवाया। खानपुर लबाना पंचायत घर पहुंचने पर ग्रामवासियों एवं दशमेश क्रिकेट क्लब के सदस्यों ने मुख्यअतिथि, विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश नांदल, डॉ. मनोज बंसल सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सेवानिवृत्त अध्यापक सुखदेव राज ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को नशामुक्त करने का आह्वान किया। डॉ. अनिरुद्ध भूषण ने कहा कि हर व्यक्ति को समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

## पुलिस ने उजागर की लूट की झूठी कहानी

कैथल। पुलिस ने महज 12 घंटे में ही कथित लूट की घटना का पर्दाफाश कर दिया। शिकायतकर्ता ने खुद कहानी रची थी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की 26 सितंबर को रात 7:27 बजे कंट्रोल रूम कैथल में सूचना मिली कि भूना-चीका रोड पर बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने गुरप्रीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी वार्ड-5, शक्ति नगर कैथल के सिर पर रॉड मारकर उसके बैग में रखे 2 लाख छीनकर फरार हो गए। एसपी उपासना ने तत्काल डीएसपी गुहला कुलदीप सिंह बेनीवाल की अध्यक्षता में विशेष जांच टीम गठित की। टीम में थाना गुहला प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार, उप निरीक्षक रमेश कुमार (इंचार्ज स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट कैथल) सहित पुलिस के अनुभवी अधिकारी शामिल थे। थाना गुहला में केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीमों ने पूरी रात घटनास्थल का निरीक्षण, तकनीकी साक्ष्य जुटाने, गवाहों से पूछताछ और संदिग्धों की पड़ताल में लगाई। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह, जो सुनार का कार्य करता है, को व्यापार में भारी घाटा हुआ था।

### कहीं सास और बहू तो कहीं पति-पत्नी ने एक साथ दी परीक्षा

# चाहे एक रोटी कम खाएं, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं

■ परीक्षा देने केंद्र पहुंचा 76 साल का बुजुर्ग, 6 हजार ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

निरक्षरता का कलंक मिटाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "उल्लास कार्यक्रम" के तहत तीसरे चरण की परीक्षा रविवार को जिलेभर के 465 सामाजिक जनचेतना केंद्रों पर आयोजित की गई।

इस बार 4868 लर्नर्स परीक्षा में शामिल हुए। इसमें विशेष बात यह रही कि परीक्षा केंद्रों पर शिक्षा के प्रति बुजुर्गों का उत्साह देखने लायक था। कहीं पति-पत्नी साथ बैठे परीक्षा दे रहे थे तो कहीं सास-बहु ने एक साथ पेपर हल किया। मोहड़ा स्कूल में पोता अपने दादा को, और दुराना में पोती अपनी दादी को परीक्षा दिलाने स्कूल लेकर पहुंची। इससे पहले पहले चरण की परीक्षा 22 सितंबर 2024 को हुई थी। उसमें जिले के 6721 लर्नर्स शामिल हुए थे जबकि 6141 ने परीक्षा पास की थी। दूसरे चरण की परीक्षा 30 मार्च 2025 को हुई थी जिसमें 4872 लर्नर्स में से 4685 सफल हुए थे। अब तक जिले के 10,826 लर्नर्स परीक्षा पास कर चुके हैं।





बराड़ा। परीक्षा के लिए दादा को लेकर पहुंचे पोते की पीठ थपथपाते डीईओ व परीक्षा के बाद शिक्षा अधिकारी के साथ पौधरोपण करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### पोती ने दादी को परीक्षा केंद्र पहुंचाया

*दुराना की कक्षा पांच की छात्रा वाणी ने अपनी दादी और दादी की सहेली को पढ़ना-लिखना सिखाने के साथ-साथ परीक्षा दिलाने स्कूल तक पहुंचाया। दुखेड़ी में सास कांता देवी और बहू सोनिया ने साथ परीक्षा दी। जलबेड़ा में पति-पत्नी एक साथ पेपर हल करते नजर आए।जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी लर्नर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अभियान गांव-गांव शिक्षा की नई रोशनी फैला रहा है।*

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने मोहड़ा, दुराना, माजरी, बलाना, नूरपुर कोंकपुर व धन्यौड़ा के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बलाना केंद्र पर लर्नर्स के साथ वृक्षारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान कई प्रेरणादायक दृश्य सामने आए। धन्यौड़ा केंद्र पर 76 वर्षीय लर्नर ने कहा – "लोग चाहे एक रोटी कम खाएं लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं। मोहड़ा की 71 वर्षीय लर्नर ने सबसे पहले पेपर खत्म कर सबको चौका दिया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा – "मेरी पोती मुझे रोज़ पढ़ाती है तो क्यों न मैं जल्दी करूं।

## किसान बोले, छह दिन बाद भी नहीं हुआ भुगतान

■ अनाजमंडियों से धान का उठान शुरू होने से किसानों को फसल का भुगतान होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

धान खरीद के छह दिन बाद अनाज मंडियों में उठान शुरू हो गया। शनिवार को डीएफएससी एजेंसी ने अंबाला शहर व साहा मंडी में धान का उठान शुरू करवाया। उठान शुरू होने के बाद अब किसानों को भुगतान होगा।

वहीं पोर्टल पर किसानों की धान सत्यापित न होने से मंडी में गेट पास कटने में अभी भी दिक्कत आ रही है। किसान मंडी में फसल लेकर पहुंच रहे हैं। पोर्टल पर उनकी फसल नहीं दर्शायी जा रही, जिससे किसानों की दिक्कत बढ़ रही है। इस वजह से किसानों को मार्केट कमेटी की ओर से अभी मैन्युअल गेट पास काटने पड़ रहे हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि राइस मिलर्स के पंजीकरण होने के बाद अंबाला शहर व साहा मंडी में धान का उठान होना शुरू हो गया है। अब किसानों का भुगतान करवाया जाएगा। राइस मिलर्स एसोसिएशन अंबाला शहर के प्रधान राजेश बंसल ने बताया कि धान उठान के लिए राइस मिलर्स के पंजीकरण हो रहे हैं और धान उठान का कार्य भी शुरू हो गया है। 22 सितंबर को धान की खरीद शुरू हुई थी। खरीद के बाद किसानों को 72 घंटे में खरीद एजेंसियों की ओर से भुगतान किया जाता है।

### बजरंग बली की झांकी में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें

# बाली वध होते ही खुशी से झूम उठी सुग्रीव की सेना

**ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब द्वारा हनुमान की सुंदर झांकी निकाली और बाली वध व सुग्रीव के राजतिलक का किया गया दृश्य मंचन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामाटेकि क्लब द्वारा गांव नाचरौन में आयोजित की जा रही चौदह दिवसीय रालीलाला के नौवें दिन श्रीहनुमान की सुंदर झांकी, सुग्रीव मित्रता, बाली वध व सुग्रीव राज तिलक का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान बाली वध होते ही सुग्रीव की सेना खुशी से झूम उठी। बाद में सुग्रीव को राज तिलक देने के बाद रामलीला दृश्य मंचन को रात्रि विश्राम दिया गया। रामलीला के दृश्य मंचन में सबसे पहले श्री हनुमान की सुंदर झांकी निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने वीर बजरंगबली के चरणों में अपने परिवार की सुख शांति व सफलता समेत अन्य कामनाओं के साथ मन्नतें मांगी। इसके बाद द्वितीय दृश्य में श्रीराम व लक्ष्मण के सीता की खोज में वन में भटकना दिखाया गया। इस दौरान वन में घायल पड़े जटायु ने रावण द्वारा उसे युद्ध में घायल करने और माता सीता हरण करने की घटना सुनाई और अपने प्राण छोड़ दिए। जिसके बाद श्रीराम और लक्ष्मण जटायु का अंतिम संस्कार करने के बाद आगे बढ़ते हैं।



यमुनानगर के गांव नाचरौन में आयोजित रामलीला में हनुमान की निकाली गई सुंदर झांकी व बाली वध के दृश्य मंचन में तीर लगने से नीचे घायल पड़ा हुआ बाली।



### प्रभु श्रीराम ने सुग्रीव की व्यथा सुनकर उनके दुख को दूर करने का दिया वचना

तृतीय दृश्य में भगवान श्री राम की भिलनी से भेंट होने का दृश्य मंचन किया गया। इसके बाद दृश्य मंचन में श्रीराम व लक्ष्मण की भेंट हनुमान से होती है और वह एक दूसरे का परिचय जानने के बाद सुग्रीव के शिविर में पहुंचते हैं। पंचम दृश्य मंचन में भगवान सुग्रीव की व्यथा सुनकर उसके दुख को दूर करने का वचन देते हैं। छठे दृश्य में भगावन श्रीराम सुग्रीव को बाली से युद्ध के लिए भेजते हैं। सातवें दृश्य में बाली और सुग्रीव का युद्ध होता है। मगर इस दृश्य मंचन में सुग्रीव किसी तरह बाली से बचकर भगवान राम के पास पहुंचते हैं। वह भगवान राम को बाली वध नहीं करने का कारण पूछते हैं। जिसके बाद भगवान श्रीराम सुग्रीव को पहचान के लिए पुष्प माला पहनाकर दोबारा युद्ध करने के लिए भेजते हैं और युद्ध में इस बार बाली का वध हो जाता है। बाली वध के बाद सुग्रीव की सेना में खुशी की लहर दौड़ जाती है। मगर सुग्रीव भाई के गम में गमगीन हो जाता है। बाद में श्रीराम सुग्रीव को समझाकर शांत करते हैं और लक्ष्मण व हनुमान को सुग्रीव का राजतिलक करने के लिए भेजते हैं। अंतिम दृश्य मंचन में सुग्रीव को राजतिलक देकर लक्ष्मण अपने भाई राम के पास लौट जाते हैं। इसके बाद आरती होती है और रामलीला को रात्रि विश्राम दिया जाता है।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, राहुल राणा, निदेशक चंद्रपाल कोच व सेठपाल, रणधीर, मुकेश जेलदार, यशपाल राणा, दीपक, संदीप व यशपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

**खबर संक्षेप**

### सरकार ने महिलाओं का किया सम्मान : कांबोज

रादौर। भाजपा सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरु करके विधानसभा चुनाव में किए गए वादे को पूरा करने का काम किया है। इस योजना के शुरु करने से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज ने रविवार को गांव मंधार में बातचीत करते हुए कहे हैं। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सतपाल कांबोज ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पीएम नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

### खिलाड़ियों को पार्षद ने वालीबाल किट की प्रदान

रादौर। युवाओं को नशा आदि बुराइयों से दूर रहकर खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से उन्हें वालीबाल किट प्रदान की गई। वालीबाल कीट शहर के समाजसेवी एवं वार्ड नंबर 13 के पार्षद ऋषिपाल नंबरदार ने रविवार को कस्बा में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को प्रदान की।

पार्षद ऋषिपाल नंबरदार ने बताया कि युवा देश का भविष्य हैं। यदि किसी देश का भविष्य खराब करना हो तो युवाओं को नशे की दलदल में धकेला जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर करने के लिए वालीबाल किट प्रदान की गई है। जिससे युवा नशे को छोड़कर खेलों की ओर ध्यान दे सकें।

### संदीप सैनी के पिता के निधन पर जताया शोक

रादौर। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने रविवार को रादौर में पहुंचकर सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। मौके पर उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने दिवंगत आत्मा के परिवार जनों को दुख की इस घड़ी में सांत्वना दी। राज्यमंत्री जसवंत सिंरह सैनी ने परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने के लिए सांत्वना दी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि दिवंगत आत्मा जयपाल सैनी का अचानक इस दुनिया से चले जाना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है।

---

### नगर निगम यमुनानगर के विशेष अधिकारी बैठक में बोले

# कबाड़ व्यवसायी दुकान से निकले कचरे को नहीं जलाएं

**कचरे के जलाने से जहरीली गैस होती है उत्पन्नः अनिल यादव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के विशेष अधिकारी के कार्यालय में कबाड़ का व्यवसाय करने वाले दुकानदारों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षत नगर निगम के विशेष अधिकारी (सफाई)अनिल कुमार यादव (एचसीएस) ने की।

निगम के विशेष अधिकारी अनिल यादव ने कबाड़ का व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को समझाया कि अक्सर कबाड़ का व्यवसाय करने वाले कुछ कबाड़ी और अन्य दुकान से निकले कचरे को आग लगा देते हैं। कचरे के जलाने से जहरीली गैस उत्पन्न होती है। इसलिए कचरे को ना जलाएं। उन्होंने कहा कि यदि अब कोई भी कचरा जलाता हुआ मिला तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निगम के विशेष अधिकारी अनिल यादव ने कहा कि कुछ कबाड़ी का कार्य करने वालों का अधिकतर सामान छत पर या दुकान के आसपास खुले में पड़ा रहता है। खुले में पड़े टायर, रबड़ और प्लास्टिक के अन्य सामान में पानी भरा रहता है। जिसमें मच्छर पैदा होते हैं।

इनके काटने से डेंगू, मलेरिया व अन्य बुखार होते हैं। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि वह अपने घर, दुकान और अन्य स्थानों पर सफाई का विशेष ध्यान रखें। टायरों और अन्य सामान में जमा पानी साफ करें। इसके अलावा उन्होंने सभी को दुकान के बाहर सड़क किनारे समान न रखने की हिदायत दी और समान सड़क किनारे या सड़क पर मिलने पर उसे जब्त करने की चेतावनी दी।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित कबाड़ का व्यवसाय करने वाले दुकानदारों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगम के विशेष अधिकारी अनिल कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

**अपने घर, दुकान और अन्य स्थानों पर सफाई का विशेष ध्यान रखें**

**सफाई में शहरवासी की भागीदारी जरूरी**

उन्होंने कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर को सुंदर, साफ , स्वच्छ व व्यवस्थित बनाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत शहर में विशेष सफाई अभियान, अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कों के डिवाइडर को सुंदर बनाने व हर नाले व नाली की सफाई व अन्य व्यवस्था की जा रही है। यह अभियान सात नवंबर तक निरंतर चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान को कामयाब बनाने के लिए हर शहरवासी की भागीदारी जरूरी है। शहर को साफ व व्यवस्थित बनाने के लिए डोर टू डोर जाकर जगाधरी व यमुनानगर के सभी दुकानदारों, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट संचालकों व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को समझाया जा चुका है। लेकिन अब समझाना बंद कर दिया है। अब केवल कार्रवाई की जा रही है। विशेष अधिकारी अनिल यादव ने दुकानदारों को समझाया कि वह डस्टबिन का इस्तेमाल करें और उसका कचरा डोर टू डोर आने वाले वाहन में डाले। यदि कोई भी उनकी दुकान के आसपास कचरा डालता है तो उसकी अपने मोबाइल में फोटो खींचे और उन्हें इसकी जानकारी दें। खुले में कचरा डालने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन आदि मौजूद रहे।

---

# 72 युवओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य




यमुनानगर। थाना छप्पर में थाना परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया व अन्य। फोटो : हरिभूमि

- कसेवा पखवाड़ा के तहत थाना छप्पर पुलिस ने थाना परिसर में आयोजित किया रक्तदान शिविर
- उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने रक्तदान शिविर का रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सेवा पखवाड़ा के तहत थाना छप्पर पुलिस ने रविवार को थाना परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने भाग लिया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में चिकित्सकों द्वारा 72 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। का उद्घाटन उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है। जो किसी अनजान जरूरतमंद को नया जीवन देता है। उन्होंने कहा कि अक्सर सड़क दुर्घटनाओं, बड़ी सर्जरी या गंभीर बीमारियों के मरीजों को तुरंत रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदाता ही असली जीवनदायी सिद्ध होते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज में रक्तदान के महत्व को समझें और समय समय पर रक्तदान शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता है। बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और व्यक्ति ऊर्जावान महसूस करता है। मौके पर पुलिसकर्मियों ने संकल्प लिया कि वह हर वर्ष कम से कम दो बार रक्तदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर थाना छप्पर के प्रभारी सुमित कांबोज, कल्याण निरीक्षक कुसुम बाला आदि मौजूद रहे।

---

# शरदीय नवरात्रि में मां के मंदिरों में दिनों दिन बढ़ रहा आस्था का सैलाब

- आदिबद्री क्षेत्र में पहाड़ी पर स्थित माता मंत्रा देवी के मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं ऊंची चढ़ाई चढ़कर टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शरदीय नवरात्रि में रोजाना मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। रविवार को जिले में स्थित मां जगत जननी आदि शक्ति के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। खास बात यह रही कि रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने आदिबद्री क्षेत्र में ऊंची पहाड़ी पर स्थित मां मंत्रा देवी के मंदिर में पहुंचकर नारियल, चुनरी व अन्य फल फूल मां के चरणों में अर्पण कर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। वहीं, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने मां बाला सुंदरी के दर्शन कर माथा टेका और पूजा अर्चना की। रविवार सुबह से ही मां के भक्त अपने नजदीक स्थित मां आदि शक्ति जगज जननी मां दुर्गा के मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए थे। खास बात यह रही कि रविवार को आदिबद्री क्षेत्र स्थित मां मंत्रा देवी और त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी में सर्वाधिक हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन कर पूजा अर्चना की। हालांकि मां मंत्रा देवी और महामाया मां बाला सुंदरी के मंदिरों में वैसे तो वर्ष भर श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है।



यमुनानगर। माता मंत्रा देवी के मंदिर में जाने के लिए चढ़ाई चढ़ते हुए श्रद्धालु।

**चढ़ाई चढ़कर मांगी मन्नत**

रविवार को स्थानीय व दूर दराज के हजारों श्रद्धालुओं ने आदिबद्री क्षेत्र में ऊंची पहाड़ी पर स्थित माता मंत्रा देवी के दर्शन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाते हुए ऊंची चढ़ाई चढ़कर मां मंत्रा देवी को नारियल, चुनरी व फल फूल आदि अर्पण कर पूजा अर्चना करके मन्नत मांगी।

### सभी विभाग समन्वय से करें कामः उपायुक्त

यमुनानगर। जिला यमुनानगर में चालू खरीफ सीजन में धान खरीद एवं सीएमआर (कस्टम मिल्ड राईस) उठान से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय में खरीद एजेंसियों के अधिकारियों व संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने बैठक में धान खरीद एवं सीएमआर (कस्टम मिल्ड राईस) उठान से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मिलर्स द्वारा वर्तमान में एफसीआई गोदामों में सीमित उपलब्ध भंडारण क्षमता के कारण उत्पन्न हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि तीन माह से विशेष ट्रेनों द्वारा उठान नहीं हो पाने के कारण उपलब्ध स्थान का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

# निरंतर ध्यान साधना करके साधक परम शक्ति के वास्तविक स्वरूप को कर लेता है प्राप्तः भारती

- साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को बताया नवरात्रि पर्व में साधना का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान की साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को नवरात्रि पर्व पर साधना के महत्व को बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों से साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि नवरात्रि के नौ दिन तप,त्याग और संयम के द्वारा आत्मोत्थान करने के लिए एक सरल माध्यम है। साधक अपनी तपश्चर्या एवं निरंतर ध्यान साधना के द्वारा उस परम शक्ति के वास्तविक स्वरूप से जुड़ता है जो ब्रह्माण्ड के कण कण में वास करती है। उन्होंने साध संगत को समझाते हुए कहा कि हमारी प्रगति एवं कल्याण के मार्ग में मन ही सबसे बड़ा बाधक है। मगर निरंतर अभ्यास के द्वारा यह बाधक मन ही साधक बन जाता है। मन पर विजय प्राप्त करना सहज और सरल कार्य नहीं है। क्योंकि साधना की प्रारंभिक अवस्था में मन बार बार अधो पतन की ओर हमें उन्मुख करता है। लेकिन एक पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरू के सानिध्य में आने के पश्चात उनकी दिव्य तरंगों एवं ओज के द्वारा विचलित मन भी सन्मार्ग की ओर अग्रसर हो जाता है। इसी लिए सत्संग का महत्व बताया गया है।



यमुनानगर। जगाधरी में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी भारती व श्रवण करते हुए साध संगत।

---

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्तूबर को खादी जरूर खरीदने का किया आह्वान

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले में 979 बूथों पर सुनी पीएम के मन की बात

**जगाधरी में कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा द्वारा जिले में सैंकड़ो बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना।

जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया।वहीं, यमुनानगर में आयोजित कार्यक्रम में सिटी विधायक घनश्याम दास ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर पीएम के मन की बात को सुना। उक्त जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से पूरी दुनिया के लोगों के साथ संवाद करते हैं। इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने इस रविवार को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को चेयरमैन विपुल गर्ग, सीएमविंडो एमिनेंट पर्सन अशोक मेंहदीरत्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी,शुभम गर्ग के साथ जगाधरी के वार्ड नंबर 2 के बूथ नंबर 194 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी ने अमर स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह,लता मंगेश्कर,वीर सावरकर आदि को याद करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देशवासियों को दुर्गा पूजा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्तूबर को खादी जरूर खरीदने और वोकल फार लोकल को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए देश की जनता को आहवान किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय दशमी पर्व पर संघ का शताब्दी वर्ष मनाए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिना थके राष्ट्र सेवा में लगा हुआ है। स्वयंसेवक हर आपदा में जी जान से लगे होते हैं। छठ पूजा अब ग्लोबल फेस्टिवल बन चुका है।



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

**वाल्मीकि जयंती की हार्दिक बधाई दी**

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात अक्तूबर को आ रही वाल्मीकि जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में कही गई हर बात से प्रेरणा मिलती है। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने यमुनानगर विधानसभा के बूथ नंबर 56 पर भाजपा नेत्री मंडल उपाध्यक्ष पारूल खन्ना,मंडल अध्यक्ष अमन सग्गर आदि कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना । उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर की चारों विधानसभा क्षेत्रों के 979 बूथों पर पीएम मोदी के मन की बात को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ सुना। मन की बात कार्यक्रम के लिए पहले से ही इस बार जिला भाजपा पदाधिकारीगण की ड्यूटी पार्टी संगठन द्वारा लगा दी गई थी। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मन की बात कार्यक्रम में जिला यमुनानगर लगातार सौ प्रतिशत सरल पोर्टल पर अपलोड कर रहा है। इसी तरह भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने जगाधरी विधानसभा के मंडल छछरौली के बूथ नंबर 100 में सुशील कुमार गर्ग,पंकज गर्ग,अनिल कुमार, श्याम लाल व गांव दसौरा के बूथ नंबर 68 व बूथ नंबर 69 पर संजय दसौरा आदि बहुत से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

### छह दिन से लापता बच्चे का नहीं सुराग

रादौर। गांव बापा के मदरसे से करीब छह दिन पहले लापता हुए तेरह वर्षीय बच्चे का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस व मदरसे के स्टाफ सदस्य बच्चे की तलाश में लगे हैं।

जानकारी के मुताबिक गांव बापा के मदरसे के प्रिंसीपल फराकत अली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बापा में स्थित जीनतुल कुअन मदरसे में प्रिंसीपल के रुप में तैनात है। उन्होंने बताया कि करीब छह माह पहले अरहान नाम का एक तेरह वर्षीय बच्चा मदरसे में पढ़ने के लिए आया था। गत 23 सितंबर को दोपहर को करीब डेढ़ बजे अरहान बिना बताए मदरसे से कहीं चला गया। उन्होंने बताया कि वह दोपहर ढ़ाई बजे के करीब बच्चों की कक्षा में गया तो वहां पर अरहान को गायब पाया।

# शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें युवा : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

शहीद भगत सिंह के जयंती पर रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी मार्केट में स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल व विवि के अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शहीद भगत सिंह का बलिदान देश के करोड़ो लोगों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। युवाओं को चाहिए कि वे महान शहीद के आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्रहित के लिए कार्य करें।

- शहीद भगत सिंह की जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन


कुरुक्षेत्र। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. रीटा, प्रो. कुसुम लता, डॉ. सलोनी पवन दिवान, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, प्रो. परमेश कुमार, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. हरविन्दर सिंह लोंगोवाल, डॉ. वीर विकास, डॉ. हरविन्दर राणा, राजपाल सहित शिक्षकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने भी अपने श्रद्धा सुमन भेंट किए।

### रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**पिहोवा।** शहीद भगत सिंह की जयंती पर रोटरी क्लब की ओर से किसान रेस्ट हाउस मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र खेहरा गोल्डी, नपा प्रधान आशीष चक्रपाणी और रोटरी क्लब प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग, मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच और मंडी प्रधान नवीन गर्ग ने हिस्सा लिया। शिविर में नोबेल ब्लड बैंक कैथल की टीम ने 100 रक्तदाताओं का ब्लड एकत्रित किया। डॉ. अमित अरोड़ा, विकास गर्ग ने कहा कि रक्तदान सर्वोत्तम एवं महादान है। इस मौके पर पूर्व प्रधान दीपक बवेजा, क्लब के सचिव गौरव बंसल, राजू सचदेवा, कोषाध्यक्ष मोहित चावला, पूर्व प्रधान राजीव थरेजा, डॉ. जसबीर सिंह, संजीव गुप्ता, अजय कालड़ा, रोहित अरोड़ा, आशु वाशन, तजेंद्र सिंह वालिया, गुरप्रकाश माटा, सुमित शर्मा, विनोद पोपली, अवतार वालिया, विशाल चावला, प्रवीण पुरी, अमित मुखीजा, समीक गर्ग, अंकित ग्रोवर, जसप्रीत बहल सहित क्लब सदस्य मौजूद रहे।



## समाज में देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- जाट धर्मशाला में मनाई शहीद भगत सिंह जयंती

शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड टीम हरियाणा द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जाट धर्मशाला में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कृष्ण श्योकंद, प्रधान अंतराष्ट्रीय जाट धर्मशाला ने की। इस अवसर पर कई जानी-मानी हस्तियाँ उपस्थित रहीं जिनमें संयोजक करतार पहलवान, पूर्व चांसलर रामपाल सिंह, संत गोपाल दास, प्रो. संतोष दहिया, किसान नेता गुरुनाम सिंह, कर्नल राजकुमार मलिक शामिल रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सतबीर कौशिक ने किया।



### भगत सिंह के विचारों को अपनाने की जरूरत

समारोह में विशेष रूप से देवेन्द्र मोर, गौरव मदान, दीपक तेवतिया, हेमंत, हिमांशु, सुरेन्द्र जिंद, सुषमा, लोकेश सरपंच, शैलेन्द्र सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचारों और आदर्शों को युवाओं तक पहुँचाने पर बल दिया और समाज में देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाने का आह्वान किया। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण ने कहा कि आज शहीद भगत सिंह के आदर्श व विचारों को अपने की सख्त जरूरत है।

## खबर संक्षेप




### भगत सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**कुरुक्षेत्र।** शहीद भगत सिंह के 119वें जन्मदिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह दिशा ट्रस्ट, जन संघर्ष मंच हरियाणा, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन और मनरेगा मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह दिशा संस्थान में स्थित भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और इन्कलाब जिंदाबाद, शहीद भगत सिंह अमर रहे आदि नारे लगाकर भगतसिंह के न्कलाबी रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

### नवरात्रि में दिव्य शक्तियों की होती प्राप्ति : औलिया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरू धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने बताया कि कात्यायनी- माँ दुर्गा का छठा स्वरुप है- माँ कात्यायनी। नवरात्रि का छठा दिन माँ कात्यायनी का है। प्रसिद्ध महर्षि कात्यान ने कठोर तप कर माँ से उनकी पुत्री के रूप में जन्म लेने का वरदान माँगा, ऋषि की तपस्या से प्रसन्न होकर माँ परांबा ने उनकी इस इच्छा को पूरा किया और ऋषि कात्यान की पुत्री देवी कात्यायनी कहलाई क चार भुजा धारी माँ कात्यायनी सिंह पर सवार है।

### गोविंदानंद आश्रम में किया कन्या पूजन

**पिहोवा।** श्रीगोविंदानंद ठाकुर द्वार आश्रम में आज महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि जी महाराज, श्रीमहंत बंशी पुरी जी महाराज के मार्गदर्शन में महंत सर्वेश्वरी गिरि के सानिध्य में कन्या पूजन एवं मासिक भंडारा किया गया। महंत सर्वेश्वरी गिरि जी महाराज ने बताया कि पिछले कई वर्षो से प्रत्येक मास के जेठे रविवार को मां भगवती के स्वरूप में सैंकड़ों कन्याओं का आश्रम परिसर में पूजन किया जाता है और फल दक्षिणा के साथ जरूरतमंद कन्याओं को समय समय पर गर्मी सर्दी के वस्त्र, जूते व पुस्तकें इत्यादि वितरित की जाती है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी बाबैन तहसील से देंगे जनता को बड़ी सौगातें : डीसी

चार परियोजनाओं का किया जाएगा शुभारंभ

*तहसीलों में पेपरलेस रजिस्ट्री, सीमाकंन पोर्टल, व्हाट्सएप चैटबॉट और राजस्व न्यायालय मामला प्रबंध प्रणाली आज से होंगी लागू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आज से तहसीलों में पेपरलेस रजिस्ट्री, सीमाकंन पोर्टल, व्हाट्सएप चैटबॉट, राजस्व न्यायालय मामला प्रबंध प्रणाली लागू होगी। इन परियोजनाओं को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा विधानसभा की बाबैन तहसील से राजस्व दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शुभारंभ कर जनता को बड़ी सौगात समर्पित करेंगे। इन सौगातों से प्रधानमंत्री के सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही सरकारी कार्यालयों में नागरिकों की सुविधाओं को स्ट्रीमलाइन करने में मदद मिलेगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा रविवार को बाबैन तहसील में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा ले रहे थे। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया मौजूद रहे।


लाडवा। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के बाद अधिकारियों से बातचीत करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### नागरिकों को मिलेगी बेहतर सुविधा

*उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चारों परियोजनाओं को शुभारंभ करके जनता को समर्पित की जाएंगी। इस कार्यक्रम की अधिकारियों ने सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्व दिवस पर विधानसभा सत्र पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पिहोवा में जयभगवान शर्मा डीडी और शाहाबाद में सुभाष कलसाना मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कागज रहित पंजीकरण प्रक्रिया के लागू होने के बाद नागरिकों को पंजीकरण के लिए कागजात उठाकर घूमने की जरुरत नहीं रहेगी। उन्हें बस ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने जरुरी कागजात को अपलोड करना होगा। आवेदन के 8 दिन के अंदर संबंधित तहसील उन कागजात की चेकिंग का कार्य पूरा करना सुनिश्चित करेगी। यदि किसी प्रकार की कोई कमी सामने आएगी तो तहसील के अधिकारियों द्वारा कमी का हवाला देते हुए आवेदन पर ऑब्जेक्शन लगाया जाएगा।*

### भूमि की निशानदेही के लिए सरकारी मशीन रोबट का प्रयोग शुरू किया जाएगा

*उपायुक्त ने कहा कि भूमि की निशानदेही के लिए सरकारी मशीन रोबट का प्रयोग शुरू किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा 29 सितंबर को सीमाकंन पोर्टल लॉच किया जाएगा। इस पोर्टल पर आवेदन करने के बाद नागरिक अपनी भूमि की निशानदेही सरकारी मशीन से करवा सकते हैं। इस प्रक्रिया में उनका खर्च प्राइवेट मशीने से करवाने की तुलना में काफी कम आएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि तहसीलों से संबंध में सभी सेवाओं के लिए व्हाटसएप चैटबॉट शुरू होगा। आजकल सभी नागरिकों के पास एंडरॉएड फोन हैं और सभी व्हाटसअप भी चलाते हैं। नागरिकों की आसानी को देखते हुए ये व्यवस्था शुरू की जा रही है। यहां पर जमाबंदी, आवेदन का स्टेटस, सर्टिफिकेट सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा तहसीलों के लिए राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली का भी शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रणाली से हाईकोर्ट और जिला कोर्ट की तर्ज पर तहसीलों के रिवेन्यू केसों की भी पूरी प्रक्रिया आम नागरिक जान सकेगा। इसमें उन्हें केसों का स्टेटस, फैसले सहित अन्य प्रकार की जानकारी मुहैया करवाई जाएगी। इस मौके पर डीएसपी रामकुमार, डीआरओ चेतना चौधरी, डीआईओ विनोद सिंगला, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, नायब तहसील बाबैन सरवन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।*

*श्री देवरा बाबा सेवा आश्रम में पांच दिवसीय अंतर जिला यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन*

## युवाओं को सेवा व मानवता के मार्ग पर चलने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस द्वारा वृंदावन के मोती झील स्थित श्री देवरा बाबा सेवा आश्रम में 26-30 सितंबर 2025 तक पांच दिवसीय अंतर जिला यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यूथ रेड क्रॉस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. डी.एस. राणा ने रेड क्रॉस के सात मूल सिद्धांतों के साथ युवाओं को सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की रेड क्रॉस इकाई ने मानवता की सेवा में निरंतर प्रयास किए हैं, और यह शिविर भी उसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया आयोजन

प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि पांच दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों को रेड क्रॉस की कार्यप्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा, रक्तदान, नशा उन्मूलन, सड़क सुरक्षाजैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ हीसांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### 130 स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में लिया भाग

शिविर में विश्वविद्यालय से जुड़े 13 कॉलेजों के लगभग 130 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि मथुरा जिला रेड क्रॉस के सभापति महेश खंडेलवाल व सचिव अमरीत खंडेलवाल रहे।

## सद्भाव यात्रा को लेकर युवाओं में जोश

- 5 अक्टूबर को दनोदा से कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुरू होगी सद्भाव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कश्यप समाज के प्रमुख नेताओं ने दिल्ली में कांग्रेस नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में 5 अक्तूबर से शुरू होने वाली कांग्रेस की सद्भाव यात्रा को अपना पूर्ण समर्थन दिया व यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आश्वासन दिया। प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में कश्यप समाज यात्रा का पूरा समर्थन करेगा और राहुल गांधी की सोच को आगे बढ़ाने का काम करेगा। वोट चोरी के खिलाफ देश के युवाओं को जगाने का काम करेगा। प्रवीन कश्यप ने कहा कि आज प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है। कानून व्यवस्था चौपट है।


कुरुक्षेत्र। हिसार के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह से मिलते कांग्रेस नेता प्रवीन कश्यप दयालपुर व अन्य।

### इस दौरान ये रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व डीएसपी व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ओबीसी सैल कांग्रेस करता राम कश्यप, जिला अध्यक्ष सोनीपत ओबीसी सैल सुशील कश्यप कोहंड एवं प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत ओबीसी सैल प्रवीन कश्यप दयालपुर आदि मौजूद रहे। प्रवीन कश्यप ने कहा कि 5 अक्टूबर से नरवाना हलके के गांव दनोदा से शुरू होने वाली सद्भाव यात्रा के लिए युवाओं में जोश है।

### स्वस्थ हृदय सुखी जीवन की धड़कन : डॉ. अनेजा

**कुरुक्षेत्र।** वरिष्ठ चिकित्सक अधिकारी, एडमिनिस्ट्रेटर एवं आरोग्य भारती सदस्य डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि जब बात सेहत की आती है, तो आपके दिल से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं होता। हर साल, विश्व हृदय दिवस हमें इस महत्वपूर्ण अंग की देखभाल करने और हृदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की याद दिलाता है, जो दुनिया भर में मौत का सबसे बड़ा कारण बने हुए हैं। अगर आपने कभी सोचा है कि विश्व हृदय दिवस कब है, तो बता दें कि यह दुनिया भर में 29 सितंबर को मनाया जाता है। हर साल, विश्व हृदय दिवस की एक थीम होती है जो इसकी गतिविधियों और अभियानों को प्रभावित करती है। 2025 के विश्व हृदय दिवस का आधिकारिक विषय एक भी धड़कन न चूके है, जो हृदय स्वास्थ्य के प्रति निरंतर जागरूकता और सक्रिय देखभाल के महत्व पर जोर देता है।


आशीष अनेजा।

## भद्रकाली मंदिर में छठे नवरात्र पर की मां कात्यायनी की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

माँ भद्रकाली मंदिर में रविवार को षष्टी को माँ कात्यायनी की पूजा की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऋषि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा। शिक्षा प्राप्ति के क्षेत्र में प्रयासरत भक्तों को माँ की उपासना जरूर करनी चाहिए। आज के कार्यक्रमोंनुसार मंदिर मुख्य भवन में प्रातः कालीन मंगला आरती राकेश कुमार द्वारा संपन्न की गई। षोडशोपचार पूजा में माँ को अति प्रिय शहद ,लाल गुलाब और कमल के फूल अर्पित किए गए। माँ भद्रकाली जी को इलाइची व रुद्राक्ष की माला पहनाई गई।



### मंदिर में नवरात्री व्रत भंडारे का आयोजन

प्रतिदिन की तरह ही मंदिर में नवरात्री व्रत भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें प्रातः 10 बजे राकेश कुमार,दोपहर 12 बजे इंदु वधवा, 2 बजे के मुख्य यजमान विपुल कुमार गुप्ता रहे। इसके साथ ही रवि कुमार द्वारा प्रातः 10 बजे ,सुभाष कोड़ा द्वारा दोपहर 12 बजे व दोपहर 2 बजे विपुल कुमार गुप्ता द्वारा नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित किया गया। सांय 4 बजे भजन संध्या में सचिन मदान एंड पार्टी ने प्रस्तुति दी जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. पवन बंसल रहे, जिन्होंने कन्या श्लोका पंडित के पूजन के बाद महाआरती में भाग लिया। इस मौके पर डॉ एम के मौदगिल, डॉ संजय शर्मा, सुनील वर्मा, ऋषि तोमर, निकुंज शर्मा, संजीव मित्तल, आशीष इत्यादि सेवक उपस्थित रहे।



### विश्व शांति के लिए हवन में डाली आहुतियां

**शाहबाद।** अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में नगर के अग्रसेन पार्क में हवन का आयोजन किया गया जहां पर अग्रवाल समाज और विश्व शांति के लिए मंत्र उच्चारण के बीच आहुतियां डाली गई अग्रसेन पार्क में सुबह अग्रवाल समाज का ध्वजारोहण डॉक्टर नरेश गर्ग द्वारा किया गया तो दो प्रांत समाजसेवी आर डी गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा को माल्यार्पण किया। समाजवाद और योग प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन के राज में जो भी व्यक्ति बाहर से आता था उसको पूरे अग्रवाल समाज द्वारा एक ईंट और 1 रुपये सहायता के लिए दिया जाता था ताकि रुपए से वह अपना कारोबार कर सकता था और ईट से अपना आशियाना बना सकता था सभी अग्रवाल बंधुओ ने अपनी कुलदेवी माता लक्ष्मी की भी पूजा अर्चना की। नगर के सभी अग्रवाल बंधु इस मौके पर मौजूद रहे। अंत में आरती की गई और भोग लगाया गया। इसके बाद आए हुए समाज के महिलाओं और पुरुषों ने भोजन ग्रहण किया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के अनिल गोलपुरा सचिव पुष्पराज कोषाध्यक्ष राकेश गर्ग बॉबी हरि सिंगल राम कुमार सिंघल रमेश गुप्ता विपुल जिंदल नानक गोयल आशुतोष गर्ग विजय गर्ग के अलावा काफी संख्या में अग्रवाल समाज के युवक युवतियों मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** हास्य नाटक पंचलाइट देख दर्शक हुए लोटपोट, कुरुक्षेत्र के कलाकारों ने बटोरी वाहवाही

# टेक्नोलॉजी के ज्ञान ने जलाई गोधन के प्यार की पंचलाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

ससुरी पंचलाइट के चक्कर में हम तो सुबह से चुल्हा-चौका भी ना किए, यही सोचे थे कि पंचलाइट आएगा तो गुजिया बनाकर पूरे टोला को खिलाएंगे, पर अब ना ई पंचलाईट जलेगा ना ही गुजिया बनेगी। इसी तरह के संवादों के साथ न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों ने कला कीर्ति भवन में हंसी के फव्वारे छोड़ते हुए विकास शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक पंचलाइट प्रस्तुत कर अशिक्षा पर प्रहार किया। मौका था न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप की 16वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित उत्थान उत्सव के दूसरे दिन का। हरियाणा कला परिषद और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के संयुक्त सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय नाट्य उत्सव में दूसरे दिन हरियाणा पशुधन बोर्ड के अध्यक्ष धर्मबीर मिजापुर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।


कुरुक्षेत्र। नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार।

### अतिथियों को तुलसी का पौधा किया भेंट

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ. जयभगवान सिंगला ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक संजय भसीन तथा उपपुलिस अधिक्षक रोहताश जांगड़ा ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मंच का संचालन डा. मोहित गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम से पूर्व न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी, सदस्य नरेश सागवाल तथा धर्मपाल गुगलानी ने अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। विकास शर्मा के निर्देशन में फणीश्वरनाथ रेणु की बहुचर्चित कहानी पंचलाइट बिहार के गांव के भोले-भाले लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां गांव में बिजली न होने के कारण महतो टोली के लोग दण्ड और जुमार्ने के पैसे इकट्ठे करके पंचलाइट खरीद लेते हैं। जब शहर से पंचलाइट गांव में आती है तो खूब खुशियां मनाई जाती हैं। लेकिन बाद में पता चलता है कि गांव के किसी भी व्यक्ति को पंचलाइट जलानी नहीं आती। टोला वाले पंचलाइट न जलाने के लिए एक दूसरे को कहते हैं, किंतु कोई भी पंचलाइट जलाने में सफल नहीं हो पाता। लेकिन गांव का एक आवारा लड़का गोधन जो पढ़ा लिखा है तथा जिसे टेक्नोलॉजी का ज्ञान है, उसे ही पंचलाइट जलानी आती है।

### ये रहे मौजूद

नाटक में राजीव कुमार, मनू महक माल्यान, निकेता शर्मा, शिवकुमार किरमच, चंचल शर्मा, रचना अरोड़ा, विकास शर्मा, गौरव दीपक जांगड़ा, राजकुमारी, सुनैना, पार्थ शर्मा, साहिल खान, सागर शर्मा, निखिल पारचा, आकाशदीप, प्रियांशु बंसल, गोविंदा व चमन व विशाल ने सहयोग दिया। नाटक के उपरांत मुख्य अतिथि धर्मबीर मिजापुर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को आईना दिखाने का सबसे उत्तम ढंग नाटक है। नाटक के माध्यम से कलाकार प्रत्येक बात को लोगों तक आसानी से पहुंचाते हैं। पंचलाइट में शिक्षा को महत्व दिया गया है। जो कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए बहुत जरुरी है।

## खबर संक्षेप



कुरुक्षेत्र। एडवोकेट अंकित गुप्ता।

### निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएं पुराने डिजिटल कांटे

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार द्वारा मंडियों में डिजिटल कांटे लगाने का निर्णय स्वागत योग्य है। इसका उद्देश्य फसल का सही माप सुनिश्चित करना और किसानों को उनके मेहनत का उचित मूल्य दिलाना है। ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि यह कदम किसानों और मंडियों में काम करने वाले आढ़तियों दोनों के हित में होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति फसल के माप में गलत कार्रवाई करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो। आढ़तियों को पुराने कांटों की जगह डिजिटल कांटे निशुल्क उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उन्हें नए कांटे खरीदने का आर्थिक बोझ न उठाना पड़े।

### विधायक ने मंडी का किया दौरा

**शहजादपुर।** कांग्रेस विधायक शैली चौधरी ने अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं का गहन जायज़ा लिया और किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। चौधरी ने अधिकारियों को तुरंत सभी समस्याओं से अवगत कराकर समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। चौधरी ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

### शहीद भगत सिंह को किया नमन

**अंबाला।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर रविवार को अंबाला छावनी एसडीएम ऑफिस पर स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प आर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। भाजपा नेता कपिल विज ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह की वजह से हम आजाद हैं। उन्होंने कहा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से छावनी में भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई है।

### पार्किंग के बावजूद खुले में खड़े रहे ऑटो बने परेशानी

**जींद।** बस अड्डा पार्किंग प्रवेश द्वार के पास जगह निर्धारित होने के बावजूद सभी ऑटो व ई रिक्शा चालक वहां खड़े नहीं होते। ज्यादातर ऑटो व ई रिक्शा वाले अभी भी बस स्टैंड के गेट के बाहर ही खड़े रहते हैं। इस कारण गेट के पास अभी भी जाम की स्थिति बनी रहती है। जबकि सितंबर माह की शुरूआत में ऑटो व ई रिक्शा चालकों के लिए पार्किंग जगह अलॉट हुई थी। पार्किंग गेट के प्रवेश द्वार के पास ऑटो स्टैंड के लिए जगह चुनी गई है। जहां 25 से 30 ऑटो खड़े करने की जगह है। जिस ठेकेदार को जगह मिली है, उसे 40 हजार रुपये प्रति महीना व 18 प्रतिशत जीएसटी किराया देना है। यह ठेका मार्च 2028 तक रहेगा।

### सरकारी अस्पताल समेत ग्रामीण डिस्पेंसरियों का बेहद बुरा हाल, अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी नहीं

# सीएचसी में सुविधाओं को तरसे मरीज, 20 पद रिक्त

### दस साल से कंडम पड़ी एक्सरे मशीन

*स्टॉफ की कमी के कारण मरीजों को उनके हिस्से की स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है, सीएचसी के अधीन कुल 81 गांव, 3 पीएचसी, 21 सब सेंटर आते हैं*

रहमदीन ▶▶ बराड़ा

सीएचसी में डाक्टरों व स्टाफ का टोटा मरीजों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। स्टाफ पूरा न होने के कारण अस्पताल में मरीज परेशान है। मरीजों को एक्सरे, अल्ट्रासाउंड जैसे टेस्टों के लिए अंबाला, मुलाना या यमुनानगर जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि 20 अगस्त 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सीएचसी को 674.79 लाख रूपये की लागत से अपग्रेड करने के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया था। सीएचसी में स्टाफ व सुविधाओं की कमी के चलते इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। स्टॉफ की कमी के कारण मरीजों को उनके हिस्से की स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। सीएचसी के अधीन कुल 81 गांव, 3 पीएचसी, 21 सब सेंटर आते हैं। अस्पताल में ओपीडी की बात करें तो प्रतिदिन करीब 300 मरीज दवाई लेने को आते हैं। 20-25 मरीज प्रतिदिन आईपीडी में भी आते हैं। पिछले कुछ समय से यहां पर आंखों के डॉक्टर भी प्रत्येक वीरवार को बैठते हैं। उस दिन उनके पास लगभग 150 मरीज अपनी आंखों की जांच करवाते हैं। जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क चश्मे भी वितरित किए जाते हैं। ऐसे में यहां पर अब डॉक्टरों व स्टाफ की कमी को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी है ताकि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर लोगों का भरोसा मजबूत हो सके। कोरोना काल से लोगों का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर मजबूत हुआ है।



#### कई अहम पद पड़े हैं खाली

सीएचसी को भले ही नया बेहतरीन भवन मिला चुका हो लेकिन जब तक सरकार यहां डाक्टरों की पूर्ति व अन्य सुविधाओं को पूरा नहीं करती तो अस्पताल की इतनी बड़ी बिल्डिंग बनाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। बता दें कि कांग्रेस सरकार में इसे पीएचसी से अपग्रेड कर वर्ष 2009 में इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बना दिया गया था। सीएचसी बनने पर इस क्षेत्र के लोगों को आस जगी थी कि अब उन्हे उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें अपने घर के नजदीक ही सस्ता व बेहता इलाज मिलेगा लेकिन लोगों की आशा निराशा में बदल गई। अपग्रेड करने के बाद यहां पर न तो स्टाफ की पूरी तैनाती की गई और न ही अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाई गई। मौजूदा समय की अगर बात करें तो सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में 4 डॉक्टर, 1 फार्मासिस्ट, 1 लैब टेक्निशियन व एमपीएचडब्लू मेल के भी 14 पद खाली पड़े हैं। फील्ड में बनी डिस्पेंसरियों में भी कई प्रकार की सुविधाओं का टोटा है।

#### नहीं हो रही सुनवाई

सीएचसी में कहने को तो एक्सरे मशीन है, लेकिन यह पिछले 10 सालों से कंडम पडी है। पिछले कई सालों से मशीन तो थी लेकिन कोई टेक्निशियन नहीं था। अब टेक्निशियन तो है लेकिन मशीन कंडम हो चुकी है। जनता तो यहां पर एक्सरे और अल्ट्रासांउड की सुविधा दिए जाने की मांग तो काफी समय से कर रही है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

#### शीघ्र ही रिक्त पद भरे जाएंगे

सीएचसी में कई पद रिक्त है, जिनकी डिमांड स्वास्थ्य विभाग को भेज रखी है। उम्मीद है कि शीघ्र ही रिक्त पदों को भरा जाएगा। सीएचसी में हरसंभव ईलाज देने के साथ-साथ मुफ्त दवाईयां भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

-डॉ. बीरबल, एमओ, सीएचसी , बराड़ा।



अंबाला। अनुष्ठान में हिस्सेदारी करते श्रद्धालु।

## हवन में श्रद्धालुओं ने डाली आहुतियां

- भगवान परशुराम मंदिर में आयोजित हुई विशेष पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के पिपली बाजार स्थित भगवान परशुराम मंदिर में नवरात्रों के पावन अवसर पर प्रत्येक दिन विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को मंदिर परिसर में मासिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। मंदिर परिसर हर समय भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा। पंडित पंकज डिमरी ने बताया कि नवरात्रों के दौरान परशुराम मंदिर में विशेष पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन नियमित रूप से होता है।

#### हवन से वातावरण हुआ शुद्ध

पंडित पंकज डिमरी ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों का मुख्य उद्देश्य समाज में आस्था, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। हवन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण शुद्ध और पवित्र हो गया इस अवसर पर प्रधान दविंदर शर्मा, महेश दत्त वशिष्ठ, जुगल किशोर शर्मा, अनु, प्रेमलता, गीता रानी और संध्या रानी सहित अनेक गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने हवन में आहुति डालकर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंबाला जिला ब्राह्मण सभा ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में भाग लेने और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## पीएम का संदेश आत्मा की आवाज

- मन की बात से नरेंद्र मोदी समाज को कर रहे जागरूक

**नारायणगढ़।** गांव लोटों के बूथ नंबर 70 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 126 वां संस्करण पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी और ग्रामीणों ने बड़े उत्साह और गर्व के साथ सुना। यह कार्यक्रम गांव के सरपंच लखविंदर सिंह के निवास स्थान पर आयोजित हुआ जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम वास्तव में देश की आत्मा की आवाज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हर बार की तरह इस बार भी समाज को जागरूक करने वाला संदेश दिया है।

## शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस पर 60 से ज्यादा युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शहीद ए आज़म भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा गांव डेहर के कम्युनिटी सेंटर लालरू में भगत सिंह के 119वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 18वा महा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें 60 से ज्यादा युवाओं ने रक्तदान कर शहीद भगत सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान आंखों का फ्री चेकअप कैंप अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह बतौर मुख्यअतिथि पधारे थे। साथ ही वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा एमसी सतीश राणा भी मौजूद रहे। ट्रस्ट ने अनुभवी डॉक्टरों की मदद ली है जिन्होंने पूरी प्रक्रिया के माध्यम से रक्तदाताओं को शांति से निर्देशित किया। कई रक्तदाताओं ने प्रतिज्ञा की कि वे अब से नियमित रूप से रक्त दान करेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कुमार ने सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों और ट्रस्ट सदस्यों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया।



अंबाला। रक्तदाताओं को सम्मानित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### शुरू हो चुकी है सरसों की बिजाई

- बीजों के अच्छे अंकुरण के लिए खेत को अच्छी तरह तैयार करना आवश्यक

**नारायणगढ़।** उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश ने कहा कि सरसों एवं राया की बिजाई वैज्ञानिक तरीके व उन्नत किस्मों के साथ करने से किसान अधिक पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की समग्र सिफारिशों के अनुसार सरसों की बिजाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बीजों के अच्छे अंकुरण के लिए खेत को अच्छी तरह तैयार करना आवश्यक है। यदि दिन का तापमान 30 डिग्री से अधिक हो तो अभी बिजाई करने से बचना चाहिए।

## जीएसटी में आए बदलावों से सीधे जनता को मिलेगा लाभ

### राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने व्यापारियों के साथ दुकानदारों से भी किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अबाला शहर की हरि मंदिर धर्मशाला में रविवार को भाजपा की ओर से जीएसटी बदलाव पर व्यापारियों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने किया, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने बाजारों में जाकर व्यापारियों से बातचीत भी की। इस अवसर पर कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों में नई रेट सूची भी लगाई थी।

#### उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों को होगा फायदा

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी रिफॉर्म 2.0 न केवल कर प्रणाली को सरल बनाएगा, बल्कि उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी में आए बदलाव से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे बाजार में खरीदारी बढ़ेगी। यह सुधार उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ व्यापारियों के कारोबार में भी इजाफा करेगा। सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस निर्णय से अंबाला जैसे औद्योगिक और व्यापारिक शहर में नए आयाम खुलेंगे। व्यापार बढ़ेगा, स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी और छोटे कारीगरों से लेकर बड़े व्यापारी तक सभी को फायदा होगा। जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि जिस प्रकार शहर के व्यापारी प्रधानमंत्री की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सहयोग दे रहे हैं, वह सराहनीय है। कार्यक्रम का आयोजन सोनू सेठी ने किया। कार्यक्रम में मेयर सैलजा संदीप सचदेवा, सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढ़ींगरा, जिला कोषाध्यक्ष रोहित गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बीनू गर्ग व गुरप्रीत कौर मौजूद रही।



### आध्यात्मिक सत्संग समागम का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अमिन रोड, 7 सी, कुरुक्षेत्र में भव्य आध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्य साध्वी सुश्री भद्रा भारती ने प्रेरणादायी प्रवचनों के द्वारा उपस्थित भक्त जनों को कृतार्थ किया। उन्होंने साधारण जनमानस में आध्यात्मिक जागृति हेतु विचार देते हुए कहा कि श्रद्धा हृदय का वह स्पंदन है जो आत्मा को परमात्मा से जुड़ने में एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती है। साध्वी ने विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि श्रीमद् भगवत गीता में श्री कृष्ण भगवान अर्जुन को कहते हैं कि एक श्रद्धावान व्यक्ति को ही आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है क्योंकि अपने परम स्त्रोत परमात्मा को प्राप्त करने के लिए आत्मा की जो स्वाभाविक क्षुधा है उसे ही श्रद्धा कहा जाता है।

## विश्व नदी दिवस को प्रदेश में सरस्वती सरोवर के रूप में मनाएगा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



धूमन सिंह किरमच।

सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने कहा कि विश्व नदी दिवस को सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड हमेशा हरियाणा में सरस्वती सरोवर के रूप में मनाएगा। सरस्वती नदी पवित्र नदी के ऊपर जो सरस्वती बोर्ड ने रिजर्वायर बनाए हैं। इनकी वजह से बाढ़ के पानी को रोकने में मदद मिली है और रिचार्जिंग से वॉटर लेवल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि किसानों को इसका बहुत अधिक फायदा हुआ और आगे भी लगातार फायदा होता रहेगा। साथ ही किसानों की फसल का नुकसान होने से भी बचा है।

#### अब तक सरस्वती बोर्ड ने 15 रिजर्व आर डेवलप किए हैं

धूमन सिंह किरमच ने कहा कि विश्व नदी दिवस पर सरस्वती नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया जाता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी इस बारे में मद्धद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभी तक सरस्वती बोर्ड ने 15 रिजर्व आर डेवलप किए हैं। जिनकी वजह से करोड़ों लीटर पानी का रिचार्ज हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की योजना है कि सरस्वती मॉडल के तौर पर देखी जाए। अब सभी नदियों पर हरियाणा में बड़े बड़े रिजर्व बॉर बढ़ाए जाएं। जिसको लेकर सभी डिपार्टमेंट मिलजुल कर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 साल से सरस्वती नदी में फ्लड के पानी से नुकसान नहीं हुआ है। जिस क्षेत्र से सरस्वती नदी बहती है उस क्षेत्र में रिचार्जिंग हुई है। इससे किसानों का बड़ा फायदा हुआ है। इस योजना को मुख्यमंत्री सभी नदियों पर लागू करना चाहते हैं।

## हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर यूनियन का किया गया गठन



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय मजदूर संघ की बैठक प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला की अध्यक्षता में बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। आज की बैठक में हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर यूनियन का गठन किया और आज की बैठक में 18 जिलों के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ में अपने आस्था जताई। और उन्होंने कहा कि आगे की लड़ाई हमारे भारतीय मजदूर संघ लड़ेगा। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री ने भारतीय मजदूर संघ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारतीय मजदूर संघ की कार्य करने की पद्धति और उसके अनुशासन के बारे में उसकी रीति नीति के बारे में जानकारी दी। इस कर्मचारी वर्ग को आज के इस महंगाई के दौर में मानदेय के नाम पर केवल 6 हजार रुपये प्रति माह दिया जाता है।

### डॉ. हरविन्दर राणा सीआरएसयू जींद के सांस्कृतिक परिषद के सदस्य नामित

**कुरुक्षेत्र।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलगुरु डॉ. आरपी सैनी के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक गायक व युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के सांस्कृतिक निरीक्षक डॉ. हरविन्दर राणा को सीआरएसयू जींद विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद का सदस्य नामित किया गया है। इस चयन को लेकर सभी कलाकारों में खुशी की लहर है और इस पर डॉ. हरविन्दर राणा ने कुलपति डॉ. आरपी सैनी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पूरी लगन व निष्ठा के साथ कार्य करने की बात कही। यह जानकारी देते हुए डॉ. हरविन्दर राणा ने बताया कि इस चयन में कुवि के पूर्व छात्र डॉ. पूनम वर्मा, डॉ. सतीश बलमिया, डॉ. भूपेन्द्र मल्होत्रा का योगदान रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सेवा पखवाड़ा के तहत वार्ड नंबर 21 में लगाया जांच शिविर

# स्वास्थ्य शिविर में 405 लोगों ने जांच करवाई, दवाएं भी बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भाजपा शास्त्री मंडल द्वारा मच्छौंडा वार्ड नंबर 21 में आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता कपिल विज ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन अत्यंत सुदृढ़ और संगठित तरीके से कार्य कर रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा जो प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से शुरू होकर 2 अक्तूबर तक चलेगा, बड़े उत्साह और जन-सहभागिता के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी भाजपा के चारों मंडलों ने कार्यकर्ताओं और आम जनता के सहयोग से सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इससे पहले शास्त्री मंडल अध्यक्ष प्रवेश शर्मा, उपप्रधान विपिन खन्ना, महामंत्री बलित नागपाल, तरविंदर सिंह, नप सदस्य बलजिंदर ने मुख्य अतिथि स्वागत किया।



अंबाला। शिविर में चिकित्सकों लोगों से बातचीत करते मुख्यअतिथि।

#### नेत्र रोगियों को 132 चश्में मुफ्त दिए

शिविर में कपिल विज ने भी विभिन्न तरह की जांच स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा करवाई। उन्होंने उपस्थित सीएमओ डॉ. राकेश सहल व पीएमओ डॉ. पूजा से शिविर की जानकारी ली। कपिल विज ने लोगों जांच शिविर में पहुंच इसका लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में लगभग 405 लोगों ने विभिन्न डॉक्टरों को मेडिकल जांच करवाई। लोगों को दवाएं निशुल्क वितरित की गई। नेत्र रोगियों को 132 चश्में मुफ्त दिए गए जबकि लगभग 300 लोगों ने नेत्रों की जांच करवायी। बीपी व शुगर के लगभग 310 लोगों की जांच करवाई, सर्जन व हड्डी रोग विशेषज्ञ को लगभग 200 लोगों ने दिखाया, दंत विशेषज्ञ को लगभग 75 लोगों ने अपने दांतों को दिखाया, ईएनटी व महिला रोग विशेषज्ञ से लगभग 20 लोगों ने जांच करवाई, टीबी व चेस्ट एक्स रे लगभग 20 लोगों ने जांच करवाई। इसी प्रकार खून जांच के लगभग 100 लोगों के सैंपल लिए गए। 17 लोगों की ईसीजी की गयी। आईबीएमडी मशीन से लगभग 150 लोगों ने जांच करवाकर मुफ्त दवा ली। इस अवसर पर सिविल अस्पताल, एमएम मुलाना, टीबी एवं बीएमडी टीमें मुख्य रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन स्वर्ण कौर, उपप्रधान ललता प्रसाद, मार्किट कमेटी मौके पर नप सदस्य शशि लोंगिया, गौरव सैनी, प्रियंका मास्टर, नीलम शर्मा, सन्नी तुली के साथ महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनिता पाटिल, सचिव सोनिया देशवाल, मीडिया प्रभारी अशोक ठाकुर, सतीश, नविंदर, दीपक व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।